प्रेषक,

शिव गोपाल सिंह,
संयुक्त सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 13 नवम्बर, 2024

विषय:- केन्द्रीय कारागार आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी सुन्दर पुत्र श्री अजब सिंह, निवासी जनपद-मथुरा की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उप महानिरीक्षक (मु0) के पत्र संख्या-29945/प्रोवेशन-3-फार्म-ए/(एम-04.08.2022) दिनांक-20.09.2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी सुन्दर पुत्र श्री अजब सिंह, नंगला केहरी, पांडल, थाना-गोवर्धन, जनपद-मथुरा का निवासी है। जमीनी विवाद की रंजिश को लेकर दिनांक 04.08.2007 को बन्दी ने अपने 10 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर पिस्टल, बन्दूक, फरसा, कुल्हाडी, डण्डा, सरिया व लाठी से मारकर सत्यपाल व विनय नामक 02 व्यक्तियों की हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-623/2007 में भा0द0वि0 की धारा-148, 302/149, 506 में मा0 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,सं0-06 मथुरा के आदेश दिनांक 10-05-2010 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया, बन्दी द्वारा दिनांक 26-07-2022 तक 14 वर्ष 10 माह 20 दिन की अपरिहार सजा तथा 18 वर्ष 06 माह 27 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है।

3- जिला मजिस्ट्रेट, मथुरा की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला स्तरीय समिति के बैठक दिनांक 18.02.2020 में जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बन्दी द्वारा भविष्य में अपराध करने का अवसर होने, पुनः अपराध करने में अशक्त नहीं होने, जेल में और आगे निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने की आख्या अंकित करते हुए समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। जिला मजिस्ट्रेट, मथुरा द्वारा बंदी का अभिभावक उपयुक्त पाया गया है, किन्तु समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

4- प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि जमीनी विवाद की रंजिश को लेकर दिनांक 04.08.2007 को बन्दी ने अपने 10 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर पिस्टल, बन्दूक, फरसा, कुल्हाडी,डण्डा, सरिया व लाठी से मारकर सत्यपाल व विनय नामक 02 व्यक्तियों की हत्या करने का जघन्य अपराध किया गया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी द्वारा भविष्य में अपराध करने का अवसर होने, अशक्त नहीं होने का अंकन जनपदीय अधिकारियों द्वारा समिति की निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में किया गया है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी सुन्दर पुत्र श्री अजब सिंह को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गई है।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

5- उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है केन्द्रीय कारागार आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी सुन्दर (बन्दी संख्या-17664) पुत्र श्री अजब सिंह, निवासी जनपद-मथुरा के फार्म-ए/लाईसेंस पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट,1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति राज्यपाल महोदया द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए/लाईसेंस पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,
शिव गोपाल सिंह
संयुक्त सचिव।

संख्या-290/2024/3203(1)/22-2-2022 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, मथुरा।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, आगरा।
3- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
विनोद कुमार द्विवेदी
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-290/2024/3203/22-2-2022-17(1630)/2022

दिनांक 13 नवम्बर, 2024 का संलग्नक

सरकार के आदेश

केन्द्रीय कारागार आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी सुन्दर पुत्र श्री अजब सिंह, नंगला केहरी, पांडल, थाना-गोवर्धन, जनपद-मथुरा का निवासी है। जमीनी विवाद की रंजिश को लेकर दिनांक 04.08.2007 को बन्दी ने अपने 10 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर पिस्टल, बन्दूक, फरसा, कुल्हाडी, डण्डा, सरिया व लाठी से मारकर सत्यपाल व विनय नामक 02 व्यक्तियों की हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण- सत्र परीक्षण संख्या-623/2007 में भा0द0वि0 की धारा-148, 302/149, 506 में मा0 अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,सं0-06 मथुरा के आदेश दिनांक 10-05-2010 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया, बंदी द्वारा दिनांक 26-07-2022 तक 14 वर्ष 10 माह 20 दिन की अपरिहार सजा तथा 18 वर्ष 06 माह 27 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है।

जिला मजिस्ट्रेट, मथुरा की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला स्तरीय समिति के बैठक दिनांक 18.02.2020 में जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बन्दी द्वारा भविष्य में अपराध करने का अवसर होने, पुनः अपराध करने में अशक्त नहीं होने, जेल में और आगे निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने की आख्या अंकित करते हुए समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। जिला मजिस्ट्रेट, मथुरा द्वारा बंदी का अभिभावक उपयुक्त पाया गया है, किन्तु समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि जमीनी विवाद की रंजिश को लेकर दिनांक 04.08.2007 को बन्दी ने अपने 10 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर पिस्टल, बन्दूक, फरसा, कुल्हाडी,डण्डा, सरिया व लाठी से मारकर सत्यपाल व विनय नामक 02 व्यक्तियों की हत्या करने का जघन्य अपराध किया गया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी द्वारा भविष्य में अपराध करने का अवसर होने, अशक्त नहीं होने का अंकन जनपदीय अधिकारियों द्वारा समिति की निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में किया गया है। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी सुन्दर पुत्र श्री अजब सिंह को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गई है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा बंदी की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

शिव गोपाल सिंह
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।